www.deshbandhu.co.in खबरें लगातार...
राष्ट्रीय संस्करण
देशबन्धु
नई दिल्ली, रविवार, 25 अक्टूबर, 2020 | वर्ष-13 | अंक-201 | पृष्ठ-10 | मूल्य - 4.00 रुपए

गौड़ यमुना सिटी में गौड़ इंटरनेशनल स्कूल का शुभारम्भ

आधुनिक तकनीकी के साथ बच्चों के सर्वांगीण विकास पर दिया जाएगा जोर

ग्रेटर नोएडा, 24 अक्टूबर (देशबन्धु)। यमुना एक्सप्रेस वे स्थित गौड़ यमुना सिटी में गौड़ इंटरनेशनल स्कूल का शुभारम्भ हुआ, जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में जेवर विधायक धीरेन्द्र सिंह शामिल हुए। गौड़ ग्रुप स्कूल का दूसरा ब्रांच खोला गया है, यह स्कूल लगभग 50 करोड़ की लागत से बनाया गया है, जिसमें स्कूल अभी नर्सरी से लेकर पांचवीं कक्षा तक शुरू होगा और जल्द ही छठीं, सातवीं और आठवीं कक्षा की भी कक्षाएं शुरू हो जाएंगी। इसके अलावा गौड़ इंटरनेशनल स्कूल प्रधानमंत्री की मुहिम बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ मुहिम में भी जोड़ा गया है जिसके अंतर्गत अपने ग्रेटर नोएडा वेस्ट स्थित ब्रांच में 320 से ज्यादा जरूरतमंद छात्राओं को शिक्षा के साथ अन्य सुविधाएं भी दे रहा है। स्कूल का यह ब्रांच पिछले 6 साल से संचालित है जिसमें लगभग 3200 से भी ज्यादा छात्र पढ़ाई कर रहे हैं। कार्यक्रम की शुरुआत मां शारदा की पूजा अर्चना के साथ हुई। इस दौरान गौड़ ग्रुप के चेयरमैन बीएल गौड़, एमडी मनोज गौड़ और डायरेक्टर मंजू गौड़ उपस्थित रहे। प्रेस को सम्बोधित करते हुए मनोज गौड़ एमडी गौड़ ग्रुप ने बताया कि इस स्कूल में तकनीकी को वरीयता दी गई है, सेफ्टी एवं सिक्योरिटी का विशेष ध्यान दिया गया है, यह स्कूल हर वर्ग के लिए शुरु किया गया है। नई शिक्षा नीति के तहत शिक्षा प्रदान किया जाएगा। इस स्कूल में बच्चों के सर्वांगीण विकास पर जोर दिया जाएगा, जिसमें भारतीय संस्कृति की भी शिक्षा दी जाएगी। यमुना क्षेत्र के विकास में बुलट ट्रेन, एयरपोर्ट, फिल्मसिटी की शुरुआत हो रही है। गौड़ ग्रुप की डायरेक्टर मंजू गौड़ ने कहा कि हम अपने मुख्य अतिथियों का स्वागत करते हैं की उन्होंने हमारे स्कूल के लिए समय निकाला। हमारे ग्रेटर नोएडा वेस्ट स्थित गौड़ इंटरनेशनल स्कूल की सफलता के बाद ही हमारा लक्ष्य था की हम शिक्षा को हर जगह लेकर पहुंचे और स्कूल जैसे मंदिर का निर्माण कर बच्चों के भविष्य को उज्ज्वल बनाएं। जल्दी ही हम सिद्धार्थ विहार में भी एक गौड़ इंटरनेशनल स्कूल का एक अन्य ब्रांच की शुरुआत करेंगे।